तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार, 14 मई 2024



13 उदंती रिजर्व के जंगल में हाथियों का दल तालाब में...





14 रंग-रोगन व बिजली फिटिंग के कार्यों को गुणवत्ता के...






# जंगलों व पहाड़ों के बीच जिंदगी गुजारने को मजबूर है आदिवासी विधवा घुरवा बाई

## पति के स्वर्गवास होने के बाद बीमार पड़ी तो घर को बेचकर इलाज कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)।

जिला गरियाबंद के अन्तर्गत छुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत अकलवारा के आश्रित ग्राम फिंगेश्वरी समीप टेंवरी मन्दिर के पास आदिवासी विधवा घुरवा बाई ध्रुव घने जंगल में एक जर्जर झोपड़ी में गरीबी और बेबसी के साथ जीवन जीने को मजबूर है। जब बरसात होती है तो वह सोना तो दूर की बात पानी से बचने के लिए पूरा दिन और रात चारपाई को इधर-उधर करते ही निकाल देती है तथा अब उसे गर्मी के मौसम की भी चिंता सताने लगी है। घुरवा बाई ध्रुव ने बताया कि परिवार में बेटा, बहु और नाती के साथ रहती हूं। घर से बेघर होने के कारण आज वह दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। उसके पास घर था, लेकिन पति के स्वर्गवास होने के बाद खुद बीमार पड़ी तो घर को बेचकर ईलाज कराया। अब उनके पास घर नहीं हैं तो अपने बेटे-बहु, नाती के साथ अपने पैतृक कृषि भुमि जो अकलवारा आश्रित ग्राम फिंगेश्वरी से दूर टेंवरी मन्दिर जंगल के नदी किनारे में स्थित है। वहां ▶▶| शेष पेज 13 पर



### यहां हाथियों का रहता है आवगमन

टेंवारी मंदिर गरियाबंद जिले के छुरा विकास खंड और फिंगेश्वर विकासखंड के सीमा में स्थापित हैं। इस मन्दिर के पास कोई बस्ती बसावट नहीं है, मन्दिर जाने के लिए फिंगेश्वर से घुरषा टेंवारी मंदिर तक पक्की सड़क हैं। पगडंडी मार्ग है जो सीधा नदी जाता हैं। हाथी इसी जंगल से होकर विचरण करते रहता हैं, हाथियों के आगे कोई दिखा तो बच पाना संभव नहीं हैं। उनकी मौत तय है, घुरवा बाई के परिवार के साथ कब ऐसे अनहोनी हो जायेगी कुछ कहा नहीं जाता। उनके परिवार में दो छोटे- छोटे बच्चे हैं, जो स्कूल खुलने के समय पढ़ाई करते हैं और बाकी समय अपने दादी मम्मी पापा के साथ घर पर रहते हैं। जिसमें से एक बच्चे हॉस्टल में रहता हैं तो दूसरा बच्चा साथ में ही रहते हैं, जो जंगल से नदी पार करते हुए ग्राम फिंगेश्वरी प्राथमिक शाला में पढ़ने जाते हैं।

**मनमानी : कोचिए किसानों के धान को मंडी एक्ट का उलंघन कर खरीद रहे**

# धान खरीदी के लिए कोचिया सक्रिय, बिचौलिए किसानों को 19 सौ रुपये तक दे रहे हैं कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रबी सीजन में धान फसल कटाई ने रफ़्तार पकड़ ली है। मौसम साफ होने का बाद से शुरू हुई धान कटाई अब तक जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में धान कटाई के साथ ही धान खरीदी करने कोचिया सक्रिय हो गए हैं। गांव में घुसा कर कोचिया किसानों के धान को मंडी एक्ट उलंघन करके खरीद रहे हैं। बिचौलिए किसानों के धान की कीमत 1900 से 1950 तक दे रहे हैं। किसानों के धान पककर खेतों में तैयार है। खेतों में सभी किस्मों के धान काटने के लिए तैयार हैं। अर्ली किस्म के धान आईआर 64, 1001, 1008, 1010 के अलावा पतला धान की कटाई है। अंचल के ज्यादातर किसान रबी सीजन में धान की कटाई हार्वेस्टर मशीन एवं चैन पुलिंग मशीन से कर रहे हैं। धान कटाई करने गांव -गांव में हार्वेस्टर मशीन अन्य ▶▶| शेष पेज 13 पर





### बेमौसम बारिश से किसानों को होगा भारी नुकसान

रबी धान की कटाई-मिंजाई तेजी से जारी है। सप्ताह भर पहले हुए मौसम खराब होने से किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। क्योंकि रबी धान फसल खेतों में पक कर तैयार है। किसान रामलाल पुसाई राम नीलकमल ने कहा कि यदि गर्मी के इस मौसम में बेमौसम बारिश होती है, तो किसानों को भारी नुकसान होगा, क्योंकि धान फसल लगभग तैयार है। रबी सीजन में धान कटाई के बाद गांव- गांव में धान खरीदी करने कोचिया सक्रिय हो गए है। मंडी एक्ट का खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए किसानों के धान खरीद रहे हैं। किसानों के धान को औने पौने दाम पर खरीद रहे हैं। ऐसा नहीं है की मंडी विभाग को इसकी जानकारी नहीं है। किसानों को लूटे जाने की सूचना होने के बाद भी इन लगाम नहीं लगा रहे हैं।

# रसेला-खरखरा मार्ग में जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हो या फिर लोक निर्माण विभाग की सड़कें पूरे छुरा विकासखण्ड में इनके द्वारा बनाए गए सड़कों का हाल बेहाल है। और केवल खाना पूर्ति के लिए ठेकेदार मरम्मत के नाम पर लीपापोती डामरी करवा कर इतिश्री कर लेते हैं। ऐसी हालत रसेला से खरखरा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का है। जगह-जगह सड़क से डामर गायब हो गया है। पूरे छुरा विकासखण्ड सहित गरियाबंद जिले में कोई भी ऐसी सड़क सही नहीं बना है। विभाग के चहेते ठेकेदार के टेंडर के द्वारा बनाए हुए सड़कें जगह जगह टूट रहें हैं। समय से पहले ही उखड़ने लगे हैं, जिससे ऊबड़-खाबड़ में राहगीर चलने को मजबूर हो रहे हैं। पहले गुणवत्ता हीन सड़कें बनाओ फिर उसे धीरे धीरे 5 साल की गारंटी के अंदर रिपेयरिंग करो। इस तरह रसेला से छुरा मार्ग को विधानसभा चुनाव के समय लोक निर्माण विभाग द्वारा जगह- जगह गड्ढे को गिट्टी और डामर से रीपेयरिंग किया गया था। मुश्किल से आज 4 से 5 माह हो रहा है, फिर से सड़क जगह -जगह धंस कर गड्ढे में तब्दील हो रहें हैं। आने वाले बरसात के दिनों में फिर क्षेत्र वासियों को परेशानियों का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। यह स्थिति रसेला से छुरा, दुल्ला से रक्सी, रसेला से खरखरा, रसेला से रूवाड, लादाबाहरा से बीजापानी जैसे अंदरूनी इलाकों की सड़कों का हालत बहुत ही खराब है। तो विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एसी रूम से बैठे- बैठे निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं अभिषेक पाटकर उप अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना गरियाबंद ने बताया कि रसेला से खरखरा मार्ग का मेंटेनेंस कार्य अवधि पूरा हो चुका है। नया निर्वाल के प्रस्ताव भेजे हैं।



## खबर संक्षेप

### शराब पीकर मंडप पहुंचा दूल्हा दुल्हन ने फेरे लेने से किया इनकार

**रसेला।** किसी की भी जिंदगी में शादी सबसे अहम होता है। इसे सात जन्मों का बंधन कहा जाता है। अग्नि के सामने 7 फेरे लेने को किसी महत्वपूर्ण पूजा-पाठ से कम नहीं कहा जा सकता है। ऐसा ही एक मामले में शराब पीकर पहुंचे दूल्हे के साथ दुल्हन ने फेरे लेने से इनकार कर दिया। ग्राम भैसामुड़ा निवासी युवक होमन कंवर के विवाह में देखने को मिला। भैसामुड़ा निवासी होमन कंवर की शादी ग्राम मोहंदी जिला महासमुन्द की एक युवती से तय हुआ था। 10 मई को होमन कंवर बारात लेकर पहुंचा। दुल्हन के परिवार वालों ने बरातियों का स्वागत सत्कार किया। बारातियों ने प्रीतिभोज करना शुरू किया। शादी के रस्म शुरू हुए। रस्मों के बाद जब सात फेरे का समय आया दूल्हा को दो लोगों का सहारा लेने की नौबत आ गई। वह शराब के नशे में धुत था। फेरे लेने के चक्कर में गिर पड़ा, यह देख दुल्हन ने शराबी दूल्हे के साथ फेरे लेने से साफ इनकार कर दिया। दुल्हन के शादी से इनकार के बाद देर रात तक दुल्हन को शादी के लिये मनाने का दौर चला लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। दुल्हन ने शराबी से शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद दूल्हे को बिना दुल्हन लिए ही घर वापस लौटना पड़ा जिसकी चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है।

### संत सेन समाज जयंती आज

**नवापारा-राजिम।** नगर सेन समाज एवं नगर सेलून संघ द्वारा मंगलवार को 19वां स्थापना दिवस एवं संत शिरोमणी सेन जी महाराज की जयंती मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए युवराज सेन ने बताया कि सुबह 10 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। नगर का भ्रमण किया जाएगा। उसके बाद सोमवारी बाजार स्थित दिव्य सेन भवन में 11 बजे से मंचीय कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व सेन समाज के अध्यक्ष लीलाराम सेन होंगे। विशेष अतिथि मनोज सेन,नरेश सेन,भावेश दिवाकर, शंकर श्रीवास, रूपेश ठाकुर, अशोक सेन, अशोक श्रीवास होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर सेलून संघ के अध्यक्ष संतुराम सेन, शंकर सेन, गोविंद सेन करेंगे। इस अवसर पर समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

### आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी आज




**नवापारा-राजिम।** शासकीय हरिहर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में प्रवेश हेतु 14 मई को सुबह 9 बजे लॉटरी निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य संध्या शर्मा ने बताया कि इस संस्था में कक्षा 1ली से 12वीं तक अंग्रेजी माध्यम में कक्षाएं संचालित होती हैं।

# तेज रफ्तार ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं भाग रहे ड्रायवर की लोगों ने की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम



सोमवार सुबह 8.45 बजे रायपुर-राजिम मार्ग पर नवापारा शहर के बस के ठीक सामने एक तेज रफ्तार ट्रक एकाएक पलट गई। ट्रक पलटने की आवाज पर लोग दहशत में आ गए। मिनटों में ही हजारों लोंगो की भीड़ घटनास्थल में जमा हो गई। दुर्घटना के तत्काल बाद ड्राइवर कूदकर भागने लगा जिसे कुछ लोंगो ने पकड़कर पीटा भी। बहरहाल ये ट्रक जिसका नंबर सीजी 06 जीसी 1061 है जो कहां से आ रही थी, और कहां जा रही थी ये पता नहीं चल पाया पर ट्रक महासमुंद की है यह क्लीयर हो गया। पलटी हुई ट्रक को जेसीबी बुलाकर उठा लिया गया। इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, कोई चपेट में नहीं आया ये बड़ी बात है। क्योंकि जिस जगह ये दुर्घटना हुई वह ऐसा जगह था जहां हर पल लोगों का आना-जाना रहता है। दो पहिया से लेकर चारपहिए वाहनों की कतार लगी रहती है। हर दो मिनट के अंतराल में इसी प्वाइंट से मिनी बसे बस स्टेण्ड की ओर मुड़ती है। गर एकाद मिनट ईधर से ऊधर होता तो न जाने क्या होता? कितने लोग चपेट में आ जाते। वैसे बता दें कि रोड चौड़ीकरण का काम जब से हुआ है तब से गाड़ियों की रफ्तार इस कदर बढ़ चुकी है जिसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। बस स्टेण्ड जैसे मेन रोड में भी एक भी ब्रेकर नहीं बनाया गया है जिसके कारण अनियंत्रित वेग में हर गाड़ियां 24 घंटे दौड़ती है। सड़क पार करने के लिए इस प्वाइंट पर वार्ड नंबर 2 के रहवासियों को रोड के दोनों तरफ नजर रखकर पार करना पड़ता है। रोड पार करने के लिए हर किसी को 2 से 5 मिनट का इंतजार करना पड़ता है क्योंकि हाइवे 130 होने के कारण छोटी-बड़ी सभी गाड़ियां काफी रफतार में यहां से गुजरती है। कहना न होगा कि चौड़ीकरण तो कर दिए मगर बस स्टैंड जैसे व्यस्ततम प्वाइंट में स्पीड ब्रेकर बनाना भुल गए। लगता है बस स्टैंड जैसी जगह में स्पीड ब्रेकर तब बन पाएगा जब कोई बड़ी दुर्घटना हो जाएगी। वैसे भी इस शहर में मेन रोड में ही पिछले कुछ महिने के भीतर बड़ी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुई है जिसमें कईयो की जान चली गई है। तब उस समय न केवल जमकर हुड़दंग हुआ, चक्का जाम हुआ, शहर बंद हुआ, तब कहीं प्रशासन की आंख खुली थी। बता दें कि यही ट्रक सिर्फ दस कदम पीछे यदि पलटी होती तो कम से कम 5-6 ऑटो चकनाचुर हो गया होता और उसमें बैठे लोग भी काल के गाल में समां जाते। बस स्टेण्ड के पास रहने वाले तमाम लोगों एवं दुकानदारों ने इस प्वाइंट पर दो-तीन जगह पर ब्रेकर बनाने की मांग प्रशासन से किया है।

### आत्मानंद स्कूल फिंगेश्वर में लाटरी प्रणाली से प्रवेश कल

**फिंगेश्वर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय फिंगेश्वर में प्रवेश हेतु लॉटरी 15 मई को सुबह 11 बजे विद्यालय में निकला जाएगा। प्रवेश को लेकर प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ने बताया कि प्रवेश के लिए जितने भी आवेदक हैं जिन्होंने रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन डाला है। उसमें से पात्र–अपात्र की सूची विद्यालय परिसर में चस्पा की गई है। सभी आवेदक उसका अवलोकन करने के साथ ही उक्त सूचि में किसी प्रकार की त्रुटि ▶▶| शेष पेज 13 पर


पाठक सूचना


गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468







# तप रही धरती पर राहत की बौछार, कई इलाकों में बारिश, दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

दिनभर उमस भरी गर्मी के बाद शाम होते ही छाए बादल रायपुर समेत कई हिस्सों में काफी देर तक बरसे। वर्षा की वजह से मौसम में पुनः ठंडक आ गई और दिन की गर्मी गायब हो गई। रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में अगले दो दिन तक बारिश की गतिविधि बने रहने के आसार हैं। गर्मी का माहौल 16 मई से बनने की संभावना है।

- दो दिन तापमान 40 डिग्री के पार, अब तीन दिन राहत

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही द्रोणिका पूर्व की ओर झुकी हुई है, जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिन से अलग-अलग हिस्से में अंधड़ और वर्षा की स्थिति बनी हुई है। इसका अधिक प्रभाव तीन संभाग रायपुर, दुर्ग और बस्तर के क्षेत्रों में अधिक देखने को मिल रहा है। शहर में पिछले दो दिन से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है। रविवार को वातावरण में मौजूद 50 प्रतिशत से अधिक नमी और धूप की वजह से उमस वाली गर्मी से लोग परेशान होते रहे। दोपहर 2 बजे के बाद बादल छाने से लोगों ने राहत महसूस की। शाम होने के बाद छाए बादल शहर में तेजी से बरसने लगे और मौसम में ठंडक आ गई, साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम वैज्ञानिक गायत्री कांची भोथला ने बताया कि रायपुर में रात साढ़े आठ बजे तक सात मिमी. वर्षा दर्ज की गई है, जगदलपुर मे आंकड़ा 6 मिमी. रहा है। उन्होंने बताया कि बस्तर कुछ शहरों में वर्षा की अधिक सक्रियता महसूस हुई है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक प्रदेश में वर्षा की गतिविधि बने रहने की संभावना है, खासकर रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में शाम होने के बाद तेज गति की हवा के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने के आसार हैं। गर्मी की वापसी के लिए तापमान में बढ़ोतरी 16 मई के बाद ही होने की संभावना बन रही है।

## रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में आज भी वर्षा के आसार

### बस्तर में जमकर बरस रहे

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में बादल बस्तर इलाके में जमकर बरस रहे हैं। वहां सर्वाधिक 6 सेमी. वर्षा रिकार्ड की गई है। लोरमी, सिमगा में दो सेमी. तोकपाल, सूरजपुर में एक सेमी. तथा कई इलाकों में आधा सेमी. तक हल्की बारिश होती रही।





### गर्मी का प्रभाव ज्यादा नहीं

मौसम विशेषज्ञों का तर्क है कि मई के महीने में इस बार गर्मी ज्यादा प्रभाव नहीं दिखा पाई है। कुछ दिन ही गर्मी तेज हुई और उसके बाद मौसम में बदलाव आ गया। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से वर्षा की गतिविधि लगातार बनी हुई है।

### शहरों का तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 40.6 |
| बिलासपुर | 40.6 |
| पेंड्रा | 38.4 |
| अंबिकापुर | 37.6 |
| जगदलपुर | 34.2 |
| दुर्ग | 38.6 |
| राजनांदगांव | 40.5 |

## खबर संक्षेप



### भूमिहार ब्राह्मण समाज ने बांटा शर्बत

**रायपुर।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्रह्म ऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज ने शनिवार को राहगीरों को आयुर्वेदिक पद्धति से तैयार रसीले खुशबूदार शर्बत का वितरण किया। इसमें करीब 6 हजार से अधिक राहगीर, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों ने ठंडे पेय पदार्थ शर्बत को पीकर धूप की तपिश से राहत पाई। बंजारी माता मंदिर भनपुरी में भूमिहार ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने पहले भगवान परशुराम की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर सुधीर राय, शेषनाथ तिवारी, अवधेश पांडे, ओमप्रकाश राय, भगवान शर्मा, अनिल सिंह, अमलेश सिंह, अरुण सिंह, चंद्रभूषण शर्मा, हरेराम शर्मा, मीडिया प्रभारी डीके शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### हरियाली दीदी बना रहीं जागरूक



**रायपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में रहवासियों को घर का गीला और सूखा कचरा पृथक-पृथक कर सफाई मित्र को देने हरियाली दीदी जागरूक कर रही हैं। जनजागरूकता मॉनिटरिंग नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त, जोन कमिश्नर और जोन के स्वास्थ्य अधिकारी कर रहे हैं। जोन 9 क्षेत्र में हरियाली दीदी पुष्पा साहू ने महर्षि वाल्मीकि वार्ड के विजय नगर मुख्य मार्ग स्थित निवास में घर का गीला कचरा हरे डस्टबिन एवं सूखा कचरा नीले डस्टबिन में देने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जोन-9 के स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू उपस्थित रहे।

### वक्ता मंच ने बांटे सकोरे

**रायपुर।** वक्ता मंच द्वारा पक्षियों की भूख-प्यास मिटाने अभियान चलाया जा रहा है। मंच से जुड़े सदस्य इन दिनों पक्षियों के लिए दाना पानी रखने निशुल्क सकोरे बांट रहे हैं। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया, रविवार की शाम निगम मुख्यालय के सामने गार्डन से इस अभियान को आरंभ किया गया। इस अवसर पर शुभम साहू, गंगाशरण पासी, ज्योति शुक्ला, प्रगति पराते, प्रमदा ठाकुर, दिव्या झा आदि उपस्थित रहे।

## जमीन सीमांकन और मुआवजा बांटने की प्रक्रिया में विलंब के चलते ऐसा हाल

# वित्तीय मंजूरी के बाद 8 महीने से तात्यापारा शारदा चौक सड़क निर्माण फाइलों में उलझा

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

राजधानी में तात्यापारा से शारदा चौक के बीच सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया वित्तीय मंजूरी के 8 महीने बाद भी फाइलों में उलझी है। इसे बनाने के लिए सितंबर 2023 में ही 136 करोड़ की मंजूरी सरकार ने दी थी। इसके बावजूद लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने का काम आगे नहीं बढ़ा है। जिम्मेदार प्रभावित हो रहे परिवारों और दुकानों का सीमांकन कर अभी भी मुआवजा नहीं दे पाए हैं। इसके चलते निर्माण एजेंसी तय करने की प्रक्रिया भी अटकी हुई है।

हरिभूमि सरोकार

शारदा चौक से तात्यापारा के बीच हजारों लोग रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझते हैं। यह समस्या 16 साल से लगातार बनी हुई है। इससे राहत देने कई बार प्लानिंग की गई, मगर काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। 11 सितंबर 2023 को सरकार द्वारा की गई पहल और दिए गए निर्देश की स्थिति जांचने पर पता चला कि 136 करोड़ की वित्त विभाग से मंजूरी मिलने के बाद जिम्मेदारों ने तात्यापारा से शारदा चौक के बीच करीब 500 मीटर के दायरे में अधूरी सड़क को फोरलेन बनाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। निर्माण के दायरे में आने वाली दुकानों व मकानों का सर्वे-सीमांकन के बाद राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा अभी तक नहीं दे पाए हैं। इस वजह से लोक निर्माण विभाग ने काम शुरू करने के लिए एजेंसी भी तय नहीं की है।

### किसे मुआवजा देना है, तय नहीं


पड़ताल में पता चला है कि शासन के आदेश पर फंड की स्वीकृति के बाद एक सप्ताह में प्रभावितों की रिपोर्ट बनानी थी। अभी भी मुआवजा किसे देना है, जिम्मेदार यही तय नहीं कर पाए हैं। इसके चलते जमीन खाली कराने की प्रक्रिया अटकी हुई है। इससे पहले सड़क निर्माण के लिए एजेंसी तय करने टेंडर का प्रावधान नहीं है। विभाग ने अभी टेंडर इसलिए भी नहीं किया है, चूंकि जिस स्पॉट पर सड़क चौड़ीकरण होना है, वहां जमीन ही खाली नहीं हुई है। कितने लोग 500 मीटर के दायरे में प्रभावित होंगे, इसकी सही जानकारी भी नहीं मिली है।



### करदाता की जांच भी नहीं

तहसील के जिम्मेदार अफसरों ने अभी तक प्रभावित दुकानों और मकान मालिकों की भूमि का रिकार्ड इसलिए लोक निर्माण विभाग को नहीं दिया है, चूंकि सीमांकन रिपोर्ट में निगम, तहसील और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त सहमति होगी। इसके बाद ही उसे खाली कराने के लिए जिला प्रशासन को दिया जाएगा। वहां से होने वाले आदेश पर फोरलेन सड़क के लिए तय जमीन को खाली कराया जाएगा। बताया जाता है कि सीमांकन में बताई गई राजस्व भूमि का निगम को दिए जाने वाले टैक्स से भी मिलान होना है। इसके लिए जिम्मेदारों ने प्रक्रिया नहीं की है।

### 16 साल से ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे यहां के रहवासी



### अधिकारियों ने नहीं मांगी जानकारी

मुआवजा देने के लिए सर्वे व सीमांकन की प्रक्रिया के बाद निगम से प्रॉपर्टी टैक्स के आधार पर जमीन मालिकों का मिलान किया जाना था। अभी तक जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जानकारी नहीं मांगी है। मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।
- **एजाज ढेबर**, महापौर

### चौतरफा दबाव से लग रहा जाम

इसके पहले तात्यापारा से आमापारा चौक के बीच सड़क चौड़ी की गई थी। अधूरे चौड़ीकरण के चलते शारदा चौक से तात्यापारा के बीच करीब 500 मीटर के दायरे में रोज ट्रैफिक जाम में हजारों लोग फंसते हैं। इससे निजात दिलाने के लिए पूर्व में किए गए प्रयास और प्रभावितों द्वारा लगाई गई आपत्ति व मुआवजे के कारण निर्माण अटका था। आठ महीने पहले दोबारा प्रयास किया गया, लेकिन निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया। मौके पर अभी भी चौतरफा ट्रैफिक दबाव होने से दिन में कई बार लोगों को आने-जाने के लिए रास्ता क्लीयर होने का इंतजार करना पड़ता है।

# उधार लेकर डकार गया युवक ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख के बदले डेढ़ गुना राशि देने का झांसा देकर रकम लेने, रकम वापस मांगने पर धमकी देने से परेशान होकर युवक द्वारा आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। खुदकुशी करने वाले युवक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। सिविल लाइंस थानेदार ने , पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



पुलिस के मुताबिक शंकरनगर सेक्टर-2 में रहने वाले संदीप बग्गा ने खुदकुशी की है। संदीप ने चार दिन पूर्व जहर सेवन किया था, जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल किया गया। उपचार के दौरान संदीप की रविवार तड़के मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उल्लेख किया है कि किसी नितेश मित्तल ने उससे महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख रुपए लिए थे। संदीप ने अपने सुसाइड नोट में उल्लेख किया है कि नितेश ने उसे 10 लाख रुपए के एवज में 13 से 16 लाख रुपए देने का वादा किया था। सुसाइड नोट में संदीप ने लिखा है कि जब वह नितेश से पैसे वापस मांगने लगा तो नितेश उसे अलग-अलग नंबरों से कॉल कर जान से मारने की धमकी देता था। इधर,संदीप के भाई प्रदीप ने नितेश पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### नितेश ने उधार लेने की बात से इनकार किया

संदीप द्वारा मृत्यु पूर्व लिखे गए सुसाइड नोट के संबंध में नितेश से संपर्क कर उनका पक्ष लिया गया तो उन्होंने लंबे अरसे से संदीप से भेंट नहीं होने की बात कही। पैसे लेने के सवाल पर नितेश ने कहा की उन्होंने संदीप से किसी तरह से कोई रकम उधार नहीं ली है। प्रारंभिक पूछताछ में मृतक के भाई प्रदीप ने पुलिस को बताया कि जहर सेवन करने की वजह पूछने पर संदीप ने बताया था कि नितेश उधार की रकम नहीं लौटा रहा है, जिसकी वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है।

### पड़ताल के बाद होगी कार्रवाई

आत्महत्या के मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में लेन-देन का उल्लेख है। मामले की पड़ताल करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
- **रोहित मालेकर**, टीआई, सिविल लाइंस

- कोरोना के पहले बनी थी जिला अस्पताल में शासकीय क्वार्टर देने की योजना

# सरकारी डॉक्टर्स के आवास तैयार, पर तीन माह में रहने आए केवल दो परिवार

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर



आवश्यक सुविधाएं जुटाने के बावजूद जिला अस्पताल में बनाए गए शासकीय आवासों में डॉक्टरों की शिफ्टिंग का काम पूरा नहीं हो सका है। तीन महीने में यहां केवल दो परिवार ही शिफ्ट हो पाए हैं, जबकि आवंटन आठ डॉक्टरों को किया गया है। जिला अस्पताल में आवास सुविधा देने की योजना कोरोना के पहले बनाई गई थी।

योजना के तहत निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई थी। महामारी की वजह से इसका निर्माण काफी विलंब से हुआ और कुछ जरूरी सुविधाएं नहीं होने तथा आवंटन प्रक्रिया धीमी होने की वजह से यहां डॉक्टरों ने रहना शुरू नहीं किया था। जानकारी के अनुसार आवास से संबंधित अधूरी सुविधाओं को पूरा करने के बाद पिछले कुछ महीने से यहां चिकित्सकीय स्टाफ ने रहना शुरू किया है, मगर अभी छह परिवारों की शिफ्टिंग यहां बाकी है, जिसमें कुछ अधिकारी स्तर के डॉक्टर भी शामिल हैं। आवास निर्माण के बाद संबंधित एजेंसी ने उसे स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया था, मगर वहां बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का काम बाकी रह गया था। आपत्ति और पत्र व्यवहार के बाद इसे पूरा किया गया तथा समस्याओं का समाधान हो गया। आवास का आवंटन सीएमएचओ सहित जिला अस्पताल में सेवा देने के वाले अन्य चिकित्सकों को किया गया है।

### हो रही शिफ्टिंग

आवंटित आवासों में चिकित्सकों को शिफ्ट होने कहा गया है, इनमें कुछ परिवार आ चुके हैं। डॉक्टरों की अस्पताल परिसर में चौबीस घंटे मौजूदगी ही आवास निर्माण का उद्देश्य है।
- **डॉ. एसके भंडारी**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

### अस्पताल में उपस्थिति उद्देश्य

इन आवासों के निर्माण का उद्देश्य अस्पताल परिसर में चिकित्सकों की चौबीस घंटे उपस्थिति है। अभी अलग-अलग स्थानों पर रहने की वजह से इमरजेंसी के दौरान एक साथ पहुंचने में विलंब हो जाता है। वर्तमान में ओपीडी के बाद सीनियर डॉक्टर ऑन कॉल ड्यूटी पर रहते हैं और अस्पताल कुछ कंसल्टेंट और जूनियर डाक्टरों के भरोसे रह जाता है।

### आवंटन में भी आई थी आपत्ति

वहां आवास का निर्माण चिकित्सकों के लिए किया गया, मगर आवंटन अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को भी कर दिया गया था। इस मामले को लेकर भी उस दौरान काफी आपत्तियां आई थीं। चर्चा ये थी कि शासकीय आवास की सुविधा लेने के लिए विभिन्न स्तर पर सिफारिश भी लगाई गई थी।

# त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में खूनी झड़प पिता-पुत्र समेत चार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात कुछ लोगों ने पिता-पुत्र समेत चार पर तलवार से हमला कर दिया। हमले की वजह त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद पुलिस ने तलवार से हमले के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार देर रात अवंति विहार में तलवारबाजी होने की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पेट्रोलिंग टीम रवाना की गई। मौके पर पुलिस पहुंची तो उन्हें जानकारी मिली कि आदर्श जगवानी तथा फैजल खान का कॉलेज में पढ़ने के दौरान चार-पांच साल पहले गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद था। इसी बात को लेकर बातचीत करने देर रात करीब ढाई बजे आदर्श जगवानी तथा आदर्श भट्टाचार्य ने फैजल खान, मो. अनीस, लक्की और सौरभ दास को अपने घर बातचीत करने के लिए बुलाया था। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ गया। इसके बाद आदर्श जगवानी तथा उसके साथियों ने तलवार लहराते हुए फैजल खान और उसके साथियों पर हमला कर दिया।

### चार-पांच साल पुराना विवाद

पुलिस के मुताबिक आदर्श जगवानी तथा फैजल की किसी युवती से चार-पांच साल पूर्व दोस्ती थी, इस बात को लेकर उनके बीच पहले भी विवाद हो चुका था। इसी विवाद को लेकर सुलह करने आदर्श ने फैजल को अपने घर बुलाया। घर में सभी शांतिपूर्वक बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आदर्श की फैजल के साथ किसी बात को लेकर तकरार हो गई। दोनों के बीच तकरार इतनी बढ़ गई कि सुलह कराने पहुंचे दोस्त पहले आपस में उलझ गए, बाद में विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। मौके पर पुलिस टीम के पहुंचने के बाद स्थिति नियंत्रित हुई।

# प्लास्टिक कचराः सीमेंट कंपनियों से एमओयू करेंगे नगरीय निकाय

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

नगरीय क्षेत्रों में जमा होने वाले प्लास्टिक कचरा के निपटारे के लिए सीमेंट क्लिन में अपवहन के लिए राज्य के नगरीय निकायों को सीमेंट प्लांट(कंपनियों) से एग्रीमेंट का आदेश नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल यानी एनजीटी ने दिया है। इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त एवं नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश भेजा है। प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकाय अपने समीपस्थ सीमेंट उद्योग के साथ अनुबंध(एग्रीमेंट) करें। ताकि निकाय में उत्सर्जित अपशिष्ट का प्रबंधन हो सके। इस संबंध में पर्यावरण संरक्षण मंडल से सहयोग एवं समन्वय करने का कहा गया है।



### सीमेंट कंपनिया न कचरा ले जा रही, न पेमेंट दे रही

इस मामले को लेकर एक और तथ्य अपशिष्ट प्लास्टिक राज्य प्रबधन राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की छटवीं बैठक में सामने आया था। समिति को अवगत कराया गया था कि नगरीय निकायों से अनुबंधित सीमेंट उद्योगों द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट को न जाने व समय पर भुगतान न करने के कारण निकायों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

## सीआर तैयार करने की प्रक्रिया 30 मई से 15 जुलाई तक

# शासकीय सेवकों की सीआर लिखने का समय एक माह बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली लिखने समयावधि में वृद्धि की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए व्यावहारिक कठिनाइयों के चलते इसे एक माह आगे बढ़ा दिया गया है। अब 15 जुलाई तक राज्य शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखी जा सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर कहा है कि लोकसभा चुनाव प्रक्रियाधीन होने के कारण शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखे जाने के लिए निर्धारित समयसीमा में बढ़ोतरी की जा रही है। लोकसभा चुनाव में



सभी संवर्ग के अधिकारी-कर्मचारी संलग्न हैं। ऐसी स्थिति में शासकीय सेवकों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली समयसीमा में लिखे जाने में व्यावहारिक कठिनाई हो रही है। अतः वर्ष 2023-24 के लिए इसकी समयावधि में परिवर्तन किया गया है। अब सेल्फ असेसमेंट प्रस्तुत करने की तिथि 30 मई, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 जून, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 30 जून और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जुलाई तक पूरा किया जाना है।

### पहले 15 जून तक पूरी करनी थी प्रक्रिया

*राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों की सीआर तैयार करने का कार्यक्रम हर साल 30 अप्रैल तक सेल्फ असेसमेंट, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 मई, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 31 मई और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जून तक पूरा किया जाना था। चुनाव के चलते इसे पूरा करना संभव नहीं था। ऐसे में जीएडी ने इसे एक माह आगे बढ़ा दिया है।*

### सीआर के आधार पर होती है पदोन्नति

*छत्तीसगढ़ शासन के अधीन कार्यरत शासकीय कर्मचारियों को पदोन्नति व समयमान-वेतनमान का लाभ गोपनीय चरित्रावली समय पर अधिकारी के मतांकन के आधार पर ही मिलता है। किसी कारण से यह पूरा नहीं होने के कारण इसमें देर होती है। हर साल इसकी प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाता है। फिर भी कई विभागों में समय पर पूरा नहीं होने के कारण कई विभागों में पदोन्नति और समयमान के प्रकरण लंबित रह जाते हैं।*

# श्रीश्री रविशंकर ने ज्ञान क्षेत्र का किया उद्घाटन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी में संस्था का ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर-12 कमल विहार का उद्घाटन वैदिक मंत्रों की गूंज में गुरु पूजा, वास्तु पूजा एवं गणेश पूजा हवन के साथ बेंगलुरु आश्रम से श्रीश्री रविशंकर द्वारा ऑनलाइन इंटरनेट के माध्यम से किया गया। इसी दौरान 77 हजार विश्व के ऑनलाइन हैप्पीनेस प्रतिभागियों के बीच छत्तीसगढ़ आर्ट ऑफ लिविंग परिवार को ज्ञान क्षेत्र की आशीष एवं शुभकामनाएं मिलीं। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से कई साधकों ने हिस्सा लिया। इस अविस्मरणीय पल में साक्षी बने संपूर्ण रायपुर के लिए आने वाले समय में योग, ध्यान, ज्ञान, वैदिक धर्म के प्रचार एवं प्रसार में गतिविधियां बढ़ेंगी।

## आंधी का कहर, जनपद कार्यालय परिसर में वृक्ष गिरा, मुख्य गेट दिन भर रहा बंद...





**मैनपुर।** रविवार शाम मैनपुर क्षेत्र में तेज आंधी तुफान ने जमकर कहर बरपाया है, तहसील मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में तेन्दु और नारियल के विशाल वृक्ष आंधी तुफान से रविवार शाम को नीचे से उखड गया और रविवार छुट्टी होने के कारण एक बडी दुर्घटना टली क्योंकि इसी पेड़ के आसपास ग्रामीण व वाहनों को रखा जाता है, इतना विशाल वृक्ष गिर गया है जिसके कारण आज दिनभर मुख्य गेट बंद रहा वृक्ष को हटाने का कार्य किया जा रहा है, आंधी तुफान ने सबसे ज्यादा कहर अमलीपदर, धुरवागुडी क्षेत्र में मचाया है, धुररवागुडी व आसपास ग्रामो में एक दर्जन से ज्यादा बड़े- बड़े पेड़ तेज आंधी- तूफान से जड़ के साथ उखड गये हैं और तो और कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी उखड गये हैं। कई मकानों के छप्पर टुट गया है, सौर उर्जा प्लेट भी उड गया है, आंधी तुफान ने धुगरवागुडी, अमलीपदर के आसपास जमकर कहर बरपाया है, तो वहीं साहेबिनकछार, नागेश क्षेत्र में भी आंधी तुफान के कारण धान और मक्का के फसल को भारी क्षति पहुंची है मक्का के फसल टूटकर जमीन में सो गया है जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है।

### समस्या : बिजली की लचर व्यवस्था के चलते लोगों में आक्रोश, सुधार नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

# 30 घंटे से बिजली बंद, गर्मी ने किया लोगों को बेचैन, बैंकों में लेन-देन रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


खास खबर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के लोग इस भीषण गर्मी में बिजली विभाग के लचर व्यवस्था के कारण बेहद परेशान हो गये है, मैनपुर नगर में पिछले 30 घंटे से ज्यादा समय से बिजली बंद है। बिजली बंद हो जाने से इस गर्मी में कुलर, पंखा, एसी नहीं चल पाने के कारण लोग थर्रा उठे हैं, और तो और बिजली बंद के चलते पेयजल, सरकारी कार्यालयों सहित बैंकों में लेनदेन काफी प्रभावित हो रहा है, मैनपुर नगर के लोगों ने कहा कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया तो अब बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा, जिसकी सारी जवाबदारी संबधित विभाग की होगी, आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के सैकडो ग्रामों के लाखों ग्रामीणों को आजादी के 75 वर्षों बाद भी बिजली की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है इस भीषण गर्मी में सूरज आग बरसा रहा है। क्षेत्र में तापमान का पारा 41 डिग्री पर पहुंच गई है। बिजली कटौती व लो वोल्टेज के कारण ग्रामीण इलाकों में मोटरपंप नहीं चल पाने के कारण पेयजल की गंभीर समस्या गांव-गांव उत्पन्न हो रही है और तो और कूलर और पंखे भी सही नहीं चल पा रहे है। मैनपुर क्षेत्र के लोगों के लिए बिजली कटौती और लो वोल्टेज कोई नई बात नहीं है यहां गर्मी के दिनों में यह समस्या ज्यादा बढ़ जाती है।



### 132 केव्ही बिजली सबस्टेशन लगाने की मांग

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम इंदागांव मे करोड़ो की लागत से 132 केव्ही विद्युत स्टेशन का निर्माण किया गया है लेकिन इसका लाभ मैनपुर क्षेत्र के लोगो को जितना मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा। मैनपुर क्षेत्र के लोगों ने इस क्षेत्र में बिजली की स्थाई समाधान के लिए मैनपुर में 132 केव्ही सबस्टेशन निर्माण की मांग किया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने बिजली के लचर व्यवस्था को लेकर आंदोलन करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, नेयाल नेताम, शाहिद मेमन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, अशोक दुबे, जाकीर रजा, रूदेश्वर साहू ने कहा मैनपुर क्षेत्र के लोग लगातार बिजली कटौती से परेशान हो गये है जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, बिजली कटौती बढ़ गई है।



### बिजली ट्रांसफार्मर ब्लॉस्ट

मैनपुर नगर के बैंक आफ बडोदा के सामने विशाल ट्रांसफार्मर रविवार को दोपहर 02 बजे के आसपास अचानक तेज आवाज के साथ ब्लॉस्ट होकर खराब हो गया, जिसकी सूचना विभाग को तत्काल दिया गया, लेकिन आज सोमवार दूसरे दिन 30 घंटे बाद भी नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाने के कारण मैनपुर नगर में बिजली बंद है और सरकारी कार्यालय सहित बैंको का कार्य प्रभावित हो रहा है, मरीजों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली बंद हो जाने से छोटे-छोटे बच्चे और उम्र दराज बुजूर्ग लोग बेहद बेचैन हो गये है न रात को चैन से सो पा रहे है और न ही दिन को आराम कर पा रहे हैं।

### मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे

भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, रामदास वैष्णव, दिनेश सचदेव, तुलसी राठौर ने कहा कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाये बिजली विभाग के अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण बिजली कटौती जैसी समस्या लगातार आ रही है, बिजली विभाग के अधिकारी अपनी कार्य शैली में सुधार करें बेवजह बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं की जायेगी, बिजली विभाग के लापरवाह जिम्मेदारों के खिलाफ मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शिकायत करेंगे।



### बिजली व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास जारी

बिजली विभाग गरियाबंद के अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में सुधार करने लगातार प्रयास किया जा रहा है, फारेस्ट ऐरिया होने के कारण आंधी- तूफान में बिजली के लाईन में फाल्ट आ रहा है जिसे सुधार करने का प्रयास तत्काल किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप




### गैस के ग्राहकों के आधार ई-केवायसी 31 तक

**रसेला।** रसोई गैस ने अपने सभी ग्राहकों का आधार बेस्ड ई-केवायसी करने के लिए 31 मई तक का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में सभी वितरकों को लक्षित समय सीमा के भीतर सब्सिडी का लाभ उठा रहे ग्राहकों का ई-केवायसी करवाने के संबंध में आखिरी निर्देश जारी किए गए है। सभी ग्राहकों को ई केवायसी करवाना 31 मई तक अनिवार्य है। बहुत से ऐसे ग्राहक है जिनकी मृत्यु हो चुकी है ऐसे में उनके नॉमिनी कनेक्शन को अपने नाम पर करवाकर वे लोग भी ई केवाईसी करवा सकते है। चूंकि यह गतिविधि सब्सिडी प्राप्त करने वाले ग्राहकों की विशुद्ध पहचान करने के लिए अति आवश्यकत है। इसके लिए पेट्रोलियम मिनिस्ट्री द्वारा प्रत्येक राज्य की समीक्षा की जा रही है। ई-केवायसी के लिए जिनके नाम से गैस कनेक्शन पंजीकृत है अपने गैस एजेंसी पर स्वयं पहुंचकर फिंगर लगाकर आधार ई-केवायसी कर सकते है। इसके लिए किसी भी कागज या शुल्क की कोई जरूरत नहीं है। ग्राहक स्वयं भी घर बैठे ई केवायसी कर सकते है यदि ग्राहक किसी कारणवश एजेंसी पर नहीं जा सकता है तो एंड्रायड/आईफोन पर एचसी पे ऐप स्टोर से ऐप को डाउनलोड करके गैस एजेंसी पर पंजीकृत मोबाईल नंबर से ऐप में लॉगिन करें। ऐप में लॉगिन करने के बाद एलपीजी सिलेक्ट करें और ई केवायसी पर क्लिक करें। स्क्रीन पर दिए जा रहे निर्देश का अनुपालन करें। एचपी पीएवाय ऐप को डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड दिया गया है।

### अंधड़ व बारिश से तेंदूपत्ता खरीदी पर लगा ग्रहण



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों तेन्दुपत्ता खरीदी कार्य तेज गति से चल रहा है। लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम खराब होने और आंधी-तूफान व बारिश के कारण तेंदुपत्ता की खरीदी बंद हो गई है। जिससे हरा सोना संग्रहण करने वाले लोगों को भारी नुकसान होने की संभावना है।

## उदंती रिजर्व के जंगल में हाथियों का दल तालाब में अठखेलियां करते नजर आया

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में बारिश के बीच हाथियों का दल तालाब में नहाते नजर आ रहा है और इसका वीडियो क्षेत्र के सोशल मीडिया में लगातार वायरल हो रहा है। जंगल में 35 से 38 हाथियों का दल डेरा जमाए हुए हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत तो किसानों में चिंता देखी जा रही है, इन दिनों गजराज का दल उदंती, सीतानदी टाइगर रिजर्व के रिसगांव रेंज में मौजूद है जहां कक्ष क्रमांक 278 एकावारी, साल्हेभाट के जंगल में बने तालाब में अठखेलियां करते हाथियों का ताजा वीडियो आया है, जहां तालाब पहले उतरकर पानी पीने के बाद हाथियों का समूह अठखेलियां करते दिखाई दे रहे हैं। ज्ञात हो कि वनांचल इलाके के जंगलों में बीते लंबे समय से हाथियों की मौजूदगी से जंगली क्षेत्रों के आप पास के ग्रामीणों में दहशत है,वहीं किसान भी चिंतित है,क्योंकि पूर्व में लगातार हाथियों द्वारा



किसानों की धान, मक्का की फसलों को रौंदकर तबाह करने की ख़बर सामने आई थी। जिसके बाद किसानों ने वन विभाग से उचित मुआवजे की मांग की थी।इस दौरान किसानों ने कहा था कि हाथियों द्वारा उनके कई एकड़ के फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद भी उन्हें लागत के हिसाब से मुआवजा नहीं मिल पाता है। वहीं अब सीतानदी टाईगर रिजर्व से हाथियों की मौजूदगी का ताजा वीडियो सामने आया है। हाथी तालाब में अठखेलियां करते दिखाई दे रहा है। इधर हाथियों की मौजूदगी को लेकर वन विभाग की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर हाथियों पर नजर बनाई हुई है, वहीं लोगों को अलर्ट कर जंगल में हाथियों की विचरण वाले क्षेत्र में ना जाने के लिए लोगों से अपील किया जा रहा है। वन विभाग के अफसर के टीम एवं हाथी मित्र दल के सदस्य लगातार हाथियों के हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं और ग्रामीणों को हाथी प्रभावित जंगल के तरफ अकेले नहीं जान की समझाइए दिया जा रहा है वही गज वाहन लगातार सायरन लगाकर लोगों को हाथी क्षेत्र के जंगल में होने की सूचना पहुंचाई जा रही है तो वही मोबाइल ऐप के माध्यम से भी लोगों को हाथियों के आगमन की जानकारी मिल रहा है बाहर हाल हाथियों का दल जिसे सिकासर हाथी दल के नाम से जाना जाता है वहां उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की जंगल क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं।

## 10वीं में सूर्यकान्त व 12वीं में जागेश्वर प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सेजेस हिन्दी माध्यम विद्यालय छुरा का परीक्षा परिणाम का शानदार रहा। इस वर्ष कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 69.38 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 83.92 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में सूर्यकान्त सिन्हा एवं जागेश्वर ध्रुव 80.66 प्रतिशत के साथ प्रथम रहें। द्वितीय स्थान पर नुर्तन ने 78 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर विजय कुमार 75 प्रतिशत के साथ रहे। कक्षा 10वीं में कुल 49 छात्र थे। जिसमें 48 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुये। प्राचार्य एनसी साहू ने बताया कि इस वर्ष विगत वर्षों की अपेक्षा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम में काफी सुधार हुआ है। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गई।



### भगवताचार्य गीता का डिप्टी सीएम शर्मा ने किया सम्मान

**राजिम।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने राजिम की भगवताचार्य गीता गोस्वामी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर बाल विदुषी गीता गोस्वामी राजिम, गरियाबंद जिला अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन, कामेश्वर पुरी सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से पहुंचे समाज के लोग मौजूद थे।

पेज 11 के शेष...

### जंगलों व पहाड़ों के...

बसावट कर कृषि कार्य कर जीवन यापन करने में मजबुर हैं। **बाढ़ में बह गया मकान-** बता दें कि एक वर्ष पहले घुरवा बाई के परिवार लगातार चार दिनों के तेज बारिश से नदी में बाढ़ आ जानें कारण परिवार की जान संकट में आ गया। अपने जान को जोखिम में डालकर पूरे परिवार पेड़ पर चढ़े रहे। जिसमें इसके झोपड़ी के साथ राशन, बर्तन, कपड़ा नदी में बह गया। शासन प्रशासन को इसकी सूचना मिलते ही इन परिवारो के सभी सदस्य की जान बचाने में सफलता हुई और गरियाबंद जिला कलेक्टर प्रभात मलिक ने कहा था कि अपने परिवार के साथ नदी किनारे बसावट ना करें। गांव के बस्ती करीब में जाकर बसे तब से घुरवा बाई अपने परिवार सहित ग्राम फिंगेश्वरी के बस्ती करीब शासकीय जमीन पर झोपड़ी कुटिया बनाकर रह रही थी। जिसे गांव के कुछ लोगों को पसंद नहीं आया। जिसे कुछ महीनों बाद जगह खाली कराकर गांव से बहार कर दिया। आखिरकार परिवार सहित पुनः मौत की जगह में आ बसे।

**आधिकारिक जांच करवाई जाएगी-** तहसीलदार छुरा सतरुपा साहु ने बताया कि मीडिया के माध्यम से मामले की जानकारी मिली है। जिसकी आधिकारिक जांच करवाई जाएगी। शासन-प्रशासन की तरफ से जो सहायता की जा सकेगी वह की जाएगी।

### धान खरीदी के लिए...

राज्य से आए हुए हैं। हार्वेस्टर मशीन में प्रति घंटा 2000 से 2500 और चैन पुलिंग मशीन से धान करने के लिए 3000 हजार से 3200 रुपए शुल्क देने होंगे। इसके अलावा गांवों में धान कटाई के लिए मजदूरों की मांग बढ़ गई है। इन दिनों कृषि उपज मंडी में नए धान की आवक शुरू हो गई है। जिले के किसान रबी सीजन में नहर पानी एवं निजी बोर सिंचाई सुविधा और अन्य माध्यम से लगभग 60 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे पर किसानों ने रबी धान की पैदावार ली है। सिंचाई सुविधा से धान फसल लेने वाले 70 प्रतिशत किसानों की धान फसल पककर खेतों में तैयार है।

### आत्मानंद स्कूल फिंगेश्वर...

होने पर 14 मई शाम 4 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर त्रुटि सुधार करवा सकते हैं। बुधवार को कक्षा पहली के साथ-साथ जिन-जिन कक्षाओं में रिक्त सीटे हैं उन सभी के लिए सक्षम अधिकारियों व पालकों की उपस्थिति में लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चयन किया जाएगा। जिन्होंने भी प्रवेश हेतु फॉर्म भरा है, वे सभी लॉटरी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### महिला को 8 माह से नहीं मिल रहा राशन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत लोहझर निवासी 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला शिला बाई वर्मा जिनके आगे पीछे कोई नहीं है। उंगलियों का फिंगर नहीं बताने के कारण उसे 8 माह से राशन नहीं दिया जा रहा है। इस मामले की जानकारी लगते ही समाज सेवी मनोज पटेल घर पहुंच कर मुलाकात किया। वहीं बुजुर्ग की बेटी मालती वर्मा ने बताया मां की तबीयत अब काफी खराब होने लगा है। जिसके कारण मायके से देखभाल करने के लिए लोहझर में रह रहे हैं। लेकिन जब हम मां के लिए राशन लेने राशन दुकान जा रहे हैं तो हमें राशन नहीं मिल पा रहा है। विशेष कमजोर समूह कार्ड होने के बाद भी और आठ माह से भटक रहे हैं। मदद के लिए पंचायत तक भी पहुंचे लेकिन मदद नहीं मिल पा रहा है। पेंशन के पैसा लेने के लिए बैंक ले जाने के लिए हमारे पास कोई साधन नहीं। जिनके कारण भाडा कर गाड़ी से ले जाते हैं। जिनका किराया 500 लिया जाता है और मां को पेंशन राशी 500 ही दिया जाता है, जो राशि बराबर हो जाता है और कुछ नहीं बच पाता। ऐसे में हम अपनी मां की देखभाल दवाइयां खरीदने में काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस गंभीर समस्या को सुनकर समाजसेवी ने बुजुर्गों को घर पहुंच पेंशन व राशन देने राज्य सरकार से अपील किया।

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**महासमुंद।** जिले के बसना क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम आमापाली के तालाब में दादी के साथ नहाने गए 7 वर्षीय बालक की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 12 मई को सुबह करीब 11 बजे प्रियांशु सोनी पिता रमेश सोनी निवासी आमापाली अपनी दादी के साथ गांव के मंदिर तालाब नहाने गया था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। उसे तालाब से बाहर निकालकर शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### महिला ने जहर सेवन कर दी जान

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगाझर में एक महिला ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि 11 मई को दोपहर करीब 2 बजे रीनाबाई साहू पति सत्य नारायण साहू (34) निवासी डोंगाझर ने अपने घर पर अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### एमई-3 दंतैल की आमद से दहशत, क्षेत्र में अलर्ट घोषित

**महासमुंद।** जिले में एक बार फिर हाथियों की दस्तक से दर्जन भर गांवों में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक गर्मी के कारण पानी एवं भोजन की तलाश में रिहाइशी इलाकों की ओर रुख कर रहे है। इसी के चलते एमई-3 दंतैल एक बार फिर जिले की सीमा के भीतर पहुंच गया। शनिवार रात दंतैल बलौदाबाजार से महासमुंद वनमंडल पहुंच गया। सुबह होने तक एनएच-53 को पार कर कोडार व लोहारडीह के जंगल में पहुंच गया। रविवार शाम तक दंतैल इसी क्षेत्र में विचरण कर रहा था।




**निरीक्षण : मैनपुर पहुंचे कलेक्टर अग्रवाल ने आश्रम छात्रवासों का जायजा लिया**

# रंग-रोगन व बिजली फिटिंग के कार्यों को गुणवत्ता के साथ करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल सोमवार दोपहर अचानक मैनपुर के निरीक्षण में पहुंचे। कलेक्टर के अचानक मैनपुर पहुंचने की जानकारी लगते ही सभी विभाग के अधिकारियों में हडकंप मची रही। कलेक्टर दीपक अग्रवाल दोपहर 03 बजे के आसपास मैनपुर स्थित आदिवासी बालक आश्रम, पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या आश्रम, पोस्ट मैट्रिक अनूसुचित जनजाति बालक आश्रम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान आश्रम में चल रहे मरम्मत कार्य पर कलेक्टर ने नराजगी जताते हुए रंग- रोंगन के साथ बिजली फिंटिंग के कार्यों को पूरे गुणवत्ता के साथ करने का निर्देश दिए। साथ ही सभी कमरो में पंखा लगाने के अलावा आश्रम परिसर में गंदा पानी का जमाव के लिए तत्काल नाली निर्माण करवाने को कहा है, कलेक्टर ने आश्रम परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।





### छात्रवासों में बागवानी और साफ-सफाई पर दें विशेष ध्यान

इस दौरान आश्रम अधीक्षकों ने भी स्थानीय समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आश्रम छात्रवासों में बागवानी और साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा है, मैनपुर पहुंचे कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और यहां पहुंचे ग्रामीणों से चर्चा भी किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सहायक आयुक्त नवीन भगत, एसडीएम मैनपुर डॉ. तुलसीदास मरकाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेंश कंवर, मंडल संयोजक श्री पटेल, संतोश पटेल, कलेन्द्री मरकाम, वेदप्रकाश पारिक, चन्द्रकिशोर बघेल एंव स्थानीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मेधावी होनिशा व शौर्य को डीईओ ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98.83% अंक प्राप्त कर कोपरा (भेंडरी ) निवासी कुमारी होनिसा साहू सरस्वती शिशु मंदिर कोपरा ने प्रदश में दूसरा स्थान एवं गरियाबंद जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं 97.33%अंक प्राप्त कर राजिम निवासी शौर्य शुक्ला सरस्वती शिशु मंदिर राजिम ने छत्तीसगढ़ में नवम स्थान एवं गरियाबंद जिला में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने माता -पिता के साथ -साथ पूरे गरियाबंद जिला का नाम रोशन किया। उनके इस उपलब्धि पर जिला शिक्षाधिकारी गरियाबंद एके सारस्वत एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चन्द्राकर उनके निवास पहुँच कर मेधावी छात्रा कुमारी होनिशा साहू एवं शौर्य शुक्ला को पूष्प गुच्छ भेंट सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए छात्र-छात्रा एवं उनके माता पिता को भी बधाई दिए। साथ में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर रामेश्वर जोशी, बीआरसीसी फिंगेश्वर सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, अनिल सिन्हा ने छात्रा को उनके इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शिक्षा ही वो बेहतर माध्यम है जिससे आम इंसान खास बन सकता है।आदिवासी बहुल्य जिला गरियाबंद को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने का भरसक प्रयास किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर ने बताया की जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल में उत्कृष्ट गरियाबंद के तहत 10वीं व 12वीं के बच्चों की योग्यता विस्तार एवं परीक्षा के प्रति जुझारू बनाने हेतु उत्कृष्ट गरियाबंद नामक अभियान चलाया गया ।



## साहू समाज दानवीर भामाशाह के है वंशज : चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

ग्राम टोकरो में आयोजित परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा आयोजित दानवीर भामाशाह जयंती,आदर्श विवाह एवं उत्कृष्ठ ग्राम सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि 1576 में अकबर और महाराणा प्रताप के मध्य हुए हल्दीघाटी के भीषण युद्ध में आगे की लड़ाई लड़ने के लिए महाराणा प्रताप के पास बिल्कुल भी संसाधन नहीं बचे थे। उस कठिन समय में महाराणा प्रताप के मित्र भामाशाह मसीहा बनकर सामने आये। महाराणा प्रताप को दी गई भामाशाह की इस सहायता ने मेवाड़ के आत्म सम्मान एवं संघर्ष को नई दिशा दी और अंत में इस युद्ध में ना तो अकबर जीता और ना ही महाराणा प्रताप हारे। इसी तरह मृत्यु से पहले भामाशाह ने अपनी संपूर्ण धनसंपदा अपनी पत्नी को सौंप कर कहा कि यह मातृभूमि की रक्षा के लिए दान कर देना। भामाशाह के कहे मुताबिक उनकी पत्नी ने सारा खजाना उस समय मेवाड़ के शासक महाराणा अमर सिंह को सौंप दिया और इस तरह वीर, दानवीर और दानदाता भामाशाह का नाम इतिहास में सदा के लिए अमर हो गया। हमें गर्व है कि हम ऐसे दानवीर भामाशाह के वंशज हैं। इसी प्रकार श्री साहू ने आदर्श विवाह आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आदर्श विवाह समारोह के माध्यम से साहू समाज ने पूरे प्रदेश और देश में एक नई मिसाल कायम की है। यह दहेज जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध सामाजिक चेतना का एक जीता जागता उदाहरण है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आ रहे हैं। कहा कि इस सराहनीय आयोजन के लिए परिक्षेत्र साहू समाज अभनपुर प्रशंसा के पात्र है।

## बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

बारह ज्योतिलिंर्गों में से एक झारखण्ड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में राजिम विधायक रोहित साहू ने सोमवार को विधि विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना किया। विधायक श्री साहू के साथ जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष हरित,किशोर साहू,वेदराम निषाद,प्रेमशंकर साहू शामिल रहे। विदित हो कि छग में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भाजपा विधायक रोहित साहू को झारखंड के गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के लिए प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है जहां वे प्रचार की कमान संभाले हुए हैं।

## बीईओ ने हारमोनियम और केसियो वादन कर बच्चों को किया मंत्रमुग्ध





हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला रक्सा में समर कैंप का आयोजन 10 मई से सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक किया जा रहा है। शाला के शिक्षक जित्तू खूंटे ने बताया कि समर कैंप में बच्चे अपने रुचि अनुसार विभिन्न प्रकार के चित्रकला, ड्राइंग, छत्तीसगढ़ी लोकगीत आदि रचनात्मक कार्य सीख रहे हैं।

इसके साथ साथ शिक्षकों के द्वारा बच्चो में हो रही त्रुटि में सुधार के लिए शिक्षक निरंतर प्रयत्नशील है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे उत्तरोत्तर निखार ला रहे। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी ने शाला पहुंचकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समर कैंप ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए किया गया। एक रचनात्मक कार्यक्रम है जिसमें छात्र खेल–खेल में अपनी पसंदीदा गतिविधियों को आसानी से सीख पाते है। छात्र इस कैम्प के माध्यम से समस्या निवारण व कौशल विकास हासिल करते हैं। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा हारमोनियम, बांसुरी एवं केसियो वादन कर बच्चों को मंत्र मुग्ध कर दिया। समर कैंप के चतुर्थ दिवस पर डीएमसी केएस. नायक ने समर कैम्प शिविर का अवलोकन करते हुए उन्होंने बच्चों के साथ शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर को बच्चों की रचनात्मकता के लिए बेहतर आयोजन बताया। इस शिविर में पतंग बनाना, ड्राइंग चित्रकला, रंगोली योग शिक्षा, नैतिक शिक्षा व सामाजिक जागरूकता आदि विधाओं में बच्चों को पारंगत किया जा रहा है। इसके अलावा खेल -खेल में संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया विशेषण, अंग्रेजी के शब्दों में वाक्य बनाना एवं गुणा, भाग, जोड़ना जैसे परंपरागत शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रेत समन्वयक सुभाष शर्मा, प्रधान पाठक अमीरचंद साहू, सहायक शिक्षक विनोद साहू, संगीत प्रशिक्षक राजेश साहू उपस्थित थे।

▪ पीएम श्री रक्सा स्कूल में समर कैंप का आयोजन

## 43 डिग्री तापमान के बीच रबी धान की कटाई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



इन दिनो क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 43 डिग्री के करीब है। जब लोग अपने घरो में कूलर पंखो के बीच आराम कर रहे है तो दूसरी ओर किसान,मजदूर रबी धान की कटाई में सुबह से लेकर शाम तक जुटे हुए है। क्षेत्र में धान की खेती लहलहा रही है। मौसम भी बीच-बीच में परेशान कर रहा है। समय बेसमय बारिश हो रही है। आंधी-तूफान चल रहे है। लिहाजा ऐसे में किसान चिंतित है वे अपने चार माह के मेहनत की गाढ़ी कमाई को कैसे भी करके जल्दी करने के जुगत में है। इस मशीनी युग में भी कई जगहों पर ऐसी समस्या उत्पन्न हो गई है कि किसान बेबस होकर हसिया से कटाई कर रहे हैं। चूंकि कहीं-कहीं खेत गीले है जहां कटाई के लिए हार्वेस्टर मशीन जा नही पा रहा है। इधर अत्यधिक गर्मी के चलते फसलों में भूरा माहु का प्रकोप बढ़ गया है। गर्मी की विकरालता और बढ़े हुए तापमान के चलते मजदूर मिल नहीं रहा है।



## मजदूरों को 2 से 3 माह का नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

शासकीय संजय कानन नर्सरी में दैनिक कार्यरत मजदूरों को 2 से 3 महीने का वेतन नहीं मिला है। जिससे मजदूर काफी परेशान है। उनसे चर्चा पर कहां की वर्तमान में महंगाई के अलावा शादी विवाह के समय होने की वजह से राशि की आवश्यकता थी। किंतु दो-तीन महीने से राशि नहीं मिलने की वजह से परेशानी हो रही है। उन्होंने अपने निरीक्षक सहित अधिकारियों से तत्काल वेतन प्रदान करने की मांग की है।

## समर कैंप में बच्चे ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



पीएम श्री स्कूल पथर्रा राजिम में इन दिनो समर कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चे सुबह 7 से 10:30 बजे तक उपस्थित होकर विभिन्न कला एवं हुनर सीख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा विभाग के निर्देश पर जिले के पीएम श्री स्कूलों में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों को अनेक कलाएं नृत्य गीत संगीत, रंगोली, मेहंदी, बुनाई, कढ़ाई, वादन सहित मनोरंजन खेल भी सिखाए जा रहे हैं। इन्हीं बच्चों में से प्रत्येक स्कूलों से प्रतिभाशाली बच्चों का चयन कर जिला स्तरीय आवासीय समर कैंप का आयोजन 16 मई से किया जाएगा। जिसमें बच्चे अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे इसके लिए तैयारी की जा रही है। सोमवार को नगर के प्राथमिक शाला में डीएमसी के एस नायक.,बी आर सी सुभाष शर्मा पहुंचे और बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक नरेश साहू, रोशन पांडे , प्रेम कुमारी साहू ,प्रधानाध्यापक निधि ठाकुर उपस्थित थे। शाला समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल एवं पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुख आलोक शर्मा ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया। बच्चों को विभिन्न कलाएं बताने में कुमारी गीता साहू का विशेष योगदान रहा।

**आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में लॉटरी प्रक्रिया संपन्न**

# कक्षा 1ली, 4थी एवं 8वीं में प्रवेश के लिए लॉटरी से चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

शिक्षा सत्र 2024–25 हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय छुरा में कक्षा 1ली, 4थी एवं 8वीं में प्रवेश के लिए लॉटरी के माध्यम से छात्र- छात्राओं का चयन किया गया। उक्त प्रक्रिया को सुचारू रुप से संपन्न कराने हेतु विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओं की एक टीम गठित की गई थी। जिसमें पूरी प्रक्रिया का संचालन हेतु व्याख्याता बिनेश कुमार डनसेना के द्वारा किया गया। लॉटरी बॉक्स की जिम्मेदारी व्याख्याता दिवस कुमार यादव, श्वेता सेतु एक्का, शिक्षिका राजेश्वरी वर्मा के द्वारा संभाली गई। एवं चयनित विद्यार्थियों के नाम लिखने की जिम्मेदारी व्याख्याता भोजराज साहू, रिया कुटारे, प्रयोगशाला सहायक देवेश कुमार चंद्राकर के द्वारा संभाली गई। कक्षा 1ली में प्रवेश हेतु 50 रिक्त सीट के विरुद्ध 105 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें सत्यापन के उपरांत 4 आवेदन अपात्र एवं 8 आवेदन निरस्त हुए तथा लॉटरी हेतु कुल 93 आवेदन पात्र हुए जिसमें से 50 छात्र- छात्राओं का चयन किया गया। इसी प्रकार कक्षा चौथी में प्रवेश हेतु 01 रिक्त सीट के विरुद्ध 12 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 6 आवेदन अपात्र पाए गए तथा लॉटरी हेतु 6 आवेदन पात्र हुए। जिसमें से 1 विद्यार्थी का चयन किया गया तथा कक्षा आठवीं हेतु 02 रिक्त सीट के विरुद्ध 6 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 1 आवेदन अपात्र हुआ तथा 5 आवेदन पात्र हुए जिसमें से 2 विद्यार्थियों का चयन हुआ।






### 20 मई के पूर्व प्रवेश लेना अनिवार्य

कक्षा 1ली में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों की संख्या 50 थी, जिसमें बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से 25 प्रतिशत के आधार पर 13, बालिका वर्ग से 50 प्रतिशत के आधार पर 25 एवं सामान्य वर्ग से 25 प्रतिशत के आधार पर 12 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इसी तरह कक्षा चौथी में प्रवेश हेतु रिक्त सीट की संख्या 1 थी जिसका चयन सामान्य वर्ग से किया गया तथा कक्षा आठवीं में रिक्त सीटों की संख्या 2 थी जिनका चयन रोस्टर के अनुसार 1 विद्यार्थी बालिका वर्ग से तथा एक सामान्य वर्ग से चयन किया गया। चयनित छात्र -छात्राओं को 20 मई के पूर्व आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश लेना होगा। 20 मई तक यदि कोई छात्र- छात्रा प्रवेश नहीं लेते हैं अथवा प्रवेश लेना नहीं चाहते हैं तो उन रिक्त सीटों को आरक्षण के अनुसार संबंधित कोटे के वेटिंग लिस्ट से भरा जाएगा।

